Bareilly, Thursday,
24 November 2022
BAREILLY EDITION
Price ₹ 3.50/-
Pages 10

दैनिक जागरण inext

PAGE NO : 04 MIDDLE

टेक्निकल स्किल पर भविष्य निर्भर

एक दिवसीय स्टेट लेवल टेक फेस्ट का आयोजन

bareilly@inext.co.in

BAREILLY (23 Nov): श्रीराममूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, टेक्नोलॉजी एंड रिसर्च में बुधवार को एक दिवसीय स्टेट लेवल टेक फेस्ट 2022 (टेक्नोवेगेंजा) का आयोजन हुआ. इंजीनियरिंग के विद्यार्थियों की टेक्निकल स्किल और नॉलेज के लिए कंप्यूटर साइंस और इंजीनियरिंग विभाग द्वारा आयोजित इस कंपटीशन में एसआरएमएस इंजीनियरिंग कालेजों के साथ ही राजश्री इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी, रोहिलखंड यूनिवर्सिटी, रक्षपाल बहादुर कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, फ्यूचर इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के करीब पांच सौ विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया. कार्यक्रम में एसआरएमएस ट्रस्ट के सेक्रेटरी आदित्य मूर्ति ने विजेता विद्यार्थियों को ट्रॉफी के साथ सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया.

प्रतिभागियों को किया सम्मानित.

हुई कई स्पर्धाएं

एसआरएमएस सीईटीआर के प्राचार्य डॉ. एलएस मौर्य ने सभी का स्वागत किया. विभागाध्यक्ष इंजीनियर मानवी मिश्रा ने टेक फेस्ट 2022 टेक्नोवेगेंजा की जानकारी दी. टेक फेस्ट 2022 टेक्नोवेगेंजा में कोड सेंस, एपटेक कैचेजाजेशन, स्कैवेंजर हंट, इनोवेटिव माइंड, वेब वैटल, एप मास्टरी, ऐस द मीडिया और टेक विज स्पर्धाएं आयोजित की गईं.

इनका प्रदर्शन रहा बेहतर

टेक फेस्ट 2022 टेक्नोवेगेंजा की स्केवेंजर हन्ट स्पर्धा में एसआरएमएस सीईटीआर के विद्यार्थी अरुण कुमार और सार्थक बोहरा को पहला स्थान हासिल हुआ. सीईटीआर के शेखर सिंह ने पहला स्थान प्राप्त किया. एप टेककैचेजाजेशन में एसआरएमएस सीईटी की सौम्या गुप्ता पहले स्थान पर रहीं. इनोवेटिव माइंड में एसआरएमएस सीईटी की टीम को पहला स्थान हासिल हुआ. ऐस द मिडिया में एसआरएमएस कालेज ऑफ लॉ के कृपा नारायण ने पहला स्थान पाया. कोड सेंस में एसआरएमएस सीईटीआर के देवांश पटेल और आयुष द्विवेदी पहले स्थान पर रहे. कार्यक्रम मे ट्रस्ट एडवाजर इंजीनियर सुभाष मेहरा, डॉ. एसबी गुप्ता, डॉ. प्रभाकर गुप्ता, डॉ. रिंटू चतुर्वेदी, डॉ. नसीम अख्तर, डॉ.आरती गुप्ता, इंजीनियर अंकुर कुमार, इंजीनियर नेहा शर्मा मौजूद रहीं.